# UGC-NET PAPER-1 (General Paper) SHIFT-1 (12-OCT-2022)

निर्देश (प्र. सं. 1-5) निम्नलिखित तालिका में छः विभिन्न शहरों (A-F) में शिक्षकों का प्रतिशत वितरण तथा पुरुष शिक्षकों की संख्या का ब्यौरा दिया गया है। सभी छः शहरों में कुल 4500 शिक्षक हैं। तालिका में दिए गए आँकड़ों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

शिक्षकों का शहरवार वितरण

| शहर | महिला शिक्षकों का प्रतिशत (%) | पुरुष शिक्षकों की संख्या |
|---|---|---|
| A | 14% | 200% |
| B | 16% | 400% |
| C | 28% | 600% |
| D | 15% | 100% |
| E | 21% | 500% |
| F | 06% | 100% |

1. शहर C में पुरुष शिक्षकों की संख्या तथा शहर B में महिला शिक्षकों की संख्या का अनुपात क्या है?

(1) 11:15 (2) 15:11 (3) 15:8 (4) 8:15

2. शहर D में महिला शिक्षकों की संख्या शहर A में शिक्षकों की कुल संख्या का लगभग कितना प्रतिशत है?

(1) 75 (2) 81 (3) 95 (4) 91

3. शहर F में पुरुष शिक्षकों, शहर C तथा B में महिला शिक्षकों की संख्या का कुल योग क्या है?

(1) 1080 (2) 1120 (3) 1180 (4) 1020

4. किस शहर में पुरुष शिक्षकों की संख्या वहाँ की महिला शिक्षकों की संख्या से अधिक है?

(1) केवल B

(2) केवल D

(3) B और E दोनों में

(4) E और F दोनों में

5. शहर E में शिक्षकों की कुल संख्या तथा शहर F में महिला शिक्षकों की संख्या का अन्तर क्या है?

(1) 625 (2) 775 (3) 675 (4) 725

6. सूची 1 के साथ सूची II का मिलान कीजिए।

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (नेशनल एजूकेशन पॉलिसी) | I. 1993 |
| B. शिक्षा सम्बन्धी राष्ट्रीय नीति (नेशनल पॉलिसी ऑन एजूकेशन) | II 2009 |
| C. राष्ट्रीय ज्ञान आयोग | III. 1986 |
| D. राष्ट्रीय सलाहकार समिति की भार विहीन अधिगम रिपोर्ट | IV. 2020 |

कूट

A B C D

(1) IV II III I

(2) IV III I II

(3) IV III II I

(4) IV I II III

7. नीचे दो कथन दिए गए हैं। एक अभिकथन (Assertion, A) के रूप में लिखित है, तो दूसरा उसके कारण (Reason, R) के रूप में।

अभिकथन (A) कतिपय मनोवैज्ञानिक स्थितियाँ होती हैं, जिनके अन्तर्गत निष्कर्ष निकाले जाते हैं।

कारण (R) ज्ञान का अभाव और इसकी उपस्थिति अथवा अनुपस्थिति का निष्कर्ष निकालने की इच्छा होना अनुमान की उत्पत्ति के लिए अनिवार्य है।

उपरोक्त कथन के आलोक में नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(1) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।

(2) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(3) A सही है, परन्तु R सही नहीं है।

(4) A सही नहीं है, परन्तु R सही है

8. शोध का वह प्रकार, जिसमें शोधकर्ता किसी परिघटना की जानकारी प्राप्त करता है अथवा इसमें नई अन्तर्दृष्टि प्राप्त करना चाहता है, कहलाता है

(1) निदानात्मक शोध अध्ययन

(2) अन्वेषी शोध अध्ययन

(3) वर्णनात्मक शोध अध्ययन

(4) प्राक्कल्पना परीक्षण अध्ययन

9. सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए।

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. धुन्ध (मिस्ट) | I. एरोसॉल, जिसमें ठोस कण होते हैं। |
| B. धुआँ (स्मोक) | II. एरोसॉल, जिसका निर्माण धातुओं की गर्म भाप के संघनन से होता है। |
| C. धूम (फ्यूम) | III. VOCS तथा NOx के प्रकाश-रासायनिक उत्पाद |
| D. धूम-कोहरा (स्मॉग) | IV. एरोसॉल, जिसमें तरल बिन्दु होते हैं। |

कूट

A B C D

(1) IV I II III

(2) III II IV I

(3) II IV III I

(4) IV II I III

10. सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए।

| सूची I | सूची I |
|---|---|
| A. अधिगम प्रबन्ध प्रणाली लर्निंग मेनेजमेण्ट सिस्टम | I. ब्लेण्डर |
| B. वेब वार्तायोजन प्रणाली (वेब कॉन्फरेसिंग सिस्टम) | II. सकाई |
| C. अनुप्राणन निर्माता प्रणाली (एनिमेशन मेकर सिस्टम) | III. एस. पी. एस. एस. |
| D. दत्त प्रक्रमण प्रणाली (डेटा प्रोसेसिंग सिस्टम) | IV. माइक्रोसॉफ्ट टीम्स |

कूट

A B C D

(1) II IV I III

(2) IV I III II

(3) I III II IV

(4) III II IV I

11. अमन अपने सामाजिक नेटवर्किंग पेज में एक वीडियो फाइल जोड़ता है, जोकि अल्पावधि में अनेक लोगों द्वारा देखा गया। उस वीडियो को निम्नलिखित में से किसके द्वारा वर्णित किया जा सकता है?

(1) डिजिटल (2) टैग्ड (3) वायरल (4) ओपन सोर्स

12. कविता की आयु उसके दो जुड़वाँ पोतों की आयु के योग के तीन गुने से आठ वर्ष अधिक है। नौ वर्ष बाद कविता की उम्र उसके पोतों की आयु के योग के दोगुने

से एक वर्ष अधिक है। कविता की उस समय क्या आयु थी, जब उसके जुड़वाँ पोतों का जन्म हुआ था?

(1) 58 वर्ष (2) 68 वर्ष (3) 65 वर्ष (4) 28 वर्ष

13. सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए।

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. अभित्रास की गैर-तार्किक विधियों को अपील करने के कारण होने वाला तर्कदोष | I. मानवीय तर्क (आर्युमेन्टम एंड होमिनेम) |
| B. व्यक्ति के चरित्र को सूचित कर दिया जाने वाले तर्क के कारण होने वाला तर्कदोष | II. दुर्घटना दोष (एक्सीडेण्ट फैलेसी) |
| C. जनसामान्य को मोहित करने की भावात्मक अपील वाले तर्क के कारण होने वाला तर्कदोष | III. लोकोत्तेजक युक्ति (आग्र्युमेन्टम एंड पॉपुलम) |
| D. जब एक सामान्य नियम ऐसे उदाहरण के लिए प्रयुक्त हों, जहाँ वह लागू नहीं होता तब होनें वाला तर्कदोष | IV. दोष मुष्टि युक्ति (आर्युमेन्टम एंड वैक्युलम) |

कूट

A B C D

(1) I II III IV

(2) III II I IV

(3) II IV I III

(4) IV I III II

14. सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए।

| सूची I (तकनीकी पद) | सूची I (वर्णन) |
|---|---|
| A. फिशिंग | I. अवैध रूप से विद्वेषपूर्ण कोड को स्थापित करने की क्रिया, जिसमें एक व्यक्ति के बैंक |

| | |
|---|---|
| | विवरणों को प्राप्त करने के उद्देश्य से उस व्यक्ति को एक कपटपूर्ण वेबसाइट पर डायरेक्ट किया जाता है। |
| B. फार्मिंग | II. . कपटता से अन्य व्यक्तियों के बैंक विवरण प्राप्त करने के लिए टेक्स्ट सन्देशों को भेजने की क्रिया |
| C. स्पैमिंग | III. कपटता से अन्य व्यक्तियों के बैंक विवरण प्राप्त करने के लिए टेक्स्ट सन्देशों को भेजने की क्रिया |
| D. स्मिशिंग | IV. अयाचित बल्क ई-मेल |

कूट

A B C D

(1) I III IV II

(2) IV I III II

(3) III I IV II

(4) III I II VI

15. राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आर. यू. एस. ए.) के अन्तर्गत किए गए सुधारात्मक उपायों का उद्देश्य है

A. राज्य संस्थाओं की अधिक जिम्मेदारी तथा स्वायत्तता पर बल देना।

B. शिक्षा तथा अवसंरचना की गुणवत्ता में सुधार करना।

C. उच्च शिक्षा के वाणिज्यीकरण को रोकने के लिए कड़े विनयमनों का निर्माण करना।

D. जी. ई. आर. को बढ़ाकर 50 प्रतिशत करना।

E. कार्यक्षम निगरानी तथा सतत् प्रतिपुष्टि तन्त्र

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(1) A, B और C (2) A और B

(3) A, B, C और D (4) B, C, D और E

16. नीचे दिए गए अनुक्रम में अगली संख्या क्या होगी? 0.25, 2.25, 6.25, 12.25, ?

(1) 18.25 (2) 19.25 (3) 16.25 (4) 20.25

17. नीचे दो कथन दिए गए हैं। एक अभिकथन (Assertion, A) के रूप में लिखित है, तो दूसरा उसके कारण (Reason, R) के रूप में।

अभिकथन (A) विश्वविद्यालय राष्ट्र, राज्य तथा समाज के बीच सहजीवी सम्बन्ध के निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाते हैं।

कारण (R) विश्वविद्यालय ज्ञान के सृजन तथा प्रसार का केन्द्र हैं। उपरोक्त कथन के आलोक में नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(1) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।

(2) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(3) A सही है, परन्तु R सही नहीं है।

(4) A सही नहीं है, परन्तु R सही है।

18. राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुसार, उच्च शिक्षा नियामक परिषद् निम्नलिखित में से किसको छोड़कर सभी विषयों के लिए एकल बिन्दु नियामक होगी?

(1) शिक्षक शिक्षा (2) चिकित्सीय और विधिक शिक्षा

(3) कृषि विज्ञान (4) प्रबन्धन

19. कम्प्यूटर के चौथे से पहले जनरेशन के आधार पर कम्प्यूटर में आए प्रमुख प्रौद्योगिकी परिवर्तनों के सही क्रम की पहचान कीजिए।

A. माइक्रोप्रोसेसर

B. वैक्यूम ट्यूब

C. इण्टिग्रेटेड सर्किट

D. ट्रांजिस्टर

कूट

(1) C, A, D, B

(2) A, C, B, D

(3) A, C, D, B

(4) D, B, A, C

20. नीचे दो कथन दिए गए हैं। एक अभिकथन (Assertion, A) के रूप में लिखित है, तो दूसरा उसके कारण (Reason, R) के रूप में

अभिकथन (A) व्यक्तिवाचक नामक के केवल वाच्यार्य (डिनोटेशन) होते हैं, लेकिन इनके गुणार्थ (कनोटेशन) नहीं होते हैं।

कारण (R) गुण निर्देश (इन्टेंशन) का सन्दर्भ गुणवाचकों का एक सेट होता है; वस्त्वर्थ (एक्सटेंशन) का सन्दर्भ सत्ववाचक (सब्सटेंटिव) होता है। उपरोक्त कथन के आलोक में नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(1) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।

(2) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(3) A सही है, परन्तु R सही नहीं है।

(4) A सही नहीं है, परन्तु R सही है।

21.

सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए।

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| A. | $H_0 : \mu = \mu_{H_0} = 100$ | I. | वैकल्पिक परिकल्पना यह है कि समग्र माध्य 100 के बराबर नहीं है। |
| B. | $H_\alpha : \mu \neq \mu_{H_0}$ | II. | वैकल्पिक परिकल्पना वह है कि समग्र माध्य 100 से बड़ा है। |
| C. | $H_\alpha : \mu > \mu_{H_0}$ | III. | निराकरणीय परिकल्पना यह है कि समग्र (पापुलेशन) माध्य परिकल्पनात्मक माध्य 100 के बराबर है। |
| D. | $H_\alpha : \mu < \mu_{H_0}$ | IV. | वैकल्पिक परिकल्पना यह है कि समग्र माध्य 100 से कम है। |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | II | IV | III | I |
| (2) | IV | III | I | II |
| (3) | I | III | IV | II |
| (4) | III | I | II | IV |

22. विचार, अभिवृत्ति तथा अन्य अवधारणाओं के विभिन्न परिमाणों की संख्या नियत करने की प्रक्रिया कहलाती है

(1) पश्चगमन (रिप्रेशन)

(2) मापन (स्केलिंग)

(3) प्रसरण (वेरिएन्स)

(4) सुसंगता (कंकर्डेन्स)

24. मापन साधनों (मेजरमेण्ट टूल्स) को विकसित करने की प्रविधियों के सही अनुक्रम को पहचानिए।

A. अवधारणा आयामों का विनिर्देशन (स्पेसिफिकेशन ऑफ कंसेप्ट डायमेन्सन्स)

B. सूचकों का चयन

C. अवधारणा विकास

D. सूचकांक का निर्माण (फॉर्मेशन ऑफ इण्डेक्स)

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(1) A, B, C, D

(2) C, A, B, D

(3) B, C, A, D

(4) D, A, C, B

25. सामान्य ताप तथा दाब पर पृथ्वी के परितः शुद्ध ओजोन गैस की 1 mm परत.............के समतुल्य है।

(1) 1 डॉबसन यूनिट (DU)

(2) 10 DU

(3) 100 DU

(4) 0.1 DU

26. संगठनात्मक संचार....................प्रकृति का होता है।

(1) बाधक (ऑबट्रूसिव)

(2) परस्परविरोधी (कंट्राडिक्ट्री)

(3) अव्यवहारात्मक (नन-बिहेवियरल)

(4) प्रायोगिक (अपलाइड)

27. यदि "सभी कॉलेज प्रोफेसर मनोरंजक व्याख्याता हैं" सत्य है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष दिए गए कूट से सही है?

A. "कोई कॉलेज प्रोफेसर मनोरंजक व्याख्याता नहीं है" असत्य है।

B. "कुछ कॉलेज प्रोफेसर मनोरंजक व्याख्याता नहीं हैं" सत्य है।

C. "कुछ कॉलेज प्रोफेसर मनोरंजक व्याख्याता हैं" सत्य है।

D. "कुछ कॉलेज प्रोफेसर मनोरंजक व्याख्याता हैं" असत्य है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(1) A और B

(2) B और C

(3) C और D

(4) A और C

28. कृमि कूड़ा खाद (वर्मि कम्पोस्ट) के निर्माण का सही अनुक्रम क्या है?

A. गड्ढे में कृमियों (वार्मों) के संवर्धन हेतु उन्हें जमा करना।

B. पुआल अथवा सूखी घासों और पत्तियों के साथ व्यवस्थित करना।

C. सप्ताह में एक बार या दो बार गड्ढे में पानी देना।

D. "आधा वर्ग मीटर क्षेत्र और एक मिटे गहरे गड्ढे का निर्माण |

E. जब और जैसे ही जैविक कचरा (ऑर्गनिक वेस्ट) उत्पन्न हो, उसे गड्ढे में डालना।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(1) D, E, B, A, C

(2) A, C, D, E, B

(3) E, A, B, C, D

(4) D, B, E, A, C

29. नीचे दो कथन दिए गए हैं। कथन (A) किसी ताप विद्युत संयन्त्र (थर्मल पावर प्लाण्ट) के बॉयलर में उत्पन्न तह : राख (बॉटम ऐश) निकटवर्ती नदी के प्रदूषण का मुख्य कारण होती है। कारण (R) ताप विद्युत संयन्त्र से उत्पन्न गर्म पानी को निकटवर्ती नदियों में विसर्जित कर दिया जाता है। उपरोक्त कथन के आलोक में नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(1) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।

(2) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(3) A सही है, परन्तु R गलत है।

(4) A गलत है, परन्तु R सही है।

30. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जो इलेक्ट्रॉनिक मेल (ई-मेल) के बारे में दिए गए हैं।

कथन I आप अपने ई-मेल संग्रहीत (स्टोर) तथा संगठित (ऑर्गनाइज) करने के लिए फोल्डर का निर्माण कर सकते हैं।

कथन II आप कितनी भी बड़ी फाइल के अटेचमेण्ट को ई-मेल में जोड़ सकते हैं।

उपरोक्त कथन के आलोक में नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(1) कथन I और II दोनों सही हैं।

(2) कथन I और II दोनों गलत हैं।

(3) कथन I सही है, परन्तु कथन II गलत है।

(4) कथन I गलत है, परन्तु कथन II सही है।

31. लिकर्ट प्रकार के मापन (स्केल) में विकल्पों के सही समुच्चय में शामिल हैं

A. लिकर्ट प्रकार के मापन का काम निर्णायकों के परामर्श-समूह के बिना किया जा सकता है।

B. लिकर्ट प्रकार के मापन को विश्वसनीय नहीं माना जाता।

C. लिकर्ट प्रकार के मापन की रचना करने में अधिक समय लगता है।

D. लिकर्ट प्रकार के मापन में प्रत्येक विवरण के लिए योग्यता का अन्तर स्पष्ट करने के लिए एक आनुभविक परीक्षण (इम्पीरिकल टेस्ट) दिया जाता है।

E. लिकर्ट प्रकार के मापन का उपयोग प्रत्यर्थी केन्द्रित अध्ययन (रेस्पान्डेण्ट सेण्टर्ड स्टडी) में किया जा सकता है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(1) A, B और C

(2) B, C और D

(3) A, D और E

(4) C, D और E

32. निम्नलिखित में से किस कार्यक्रम में देश में प्रत्येक विद्यार्थी किंचित 6-8 ग्रेड में 'भारत की भाषाएँ' 'लैंग्वैजेस ऑफ इण्डिया' सम्बन्धी एक कौतुकपूर्ण परियोजना/कार्यकलाप में भाग ले सकेगा?

(1) मेक इन इण्डिया

(2) डिजिटल इण्डिया

(3) पढ़े भारत बढ़े भारत

(4) एक भारत श्रेष्ठ भारत

33. नीचे दो कथन दिए गए हैं।

कथन I एक कक्षा के मध्य में व्यापक अप्रयुक्त क्षेत्र छोड़कर इसके इर्द-गिर्द के क्षेत्र में रुचि के सभी क्षेत्रों को रखना अभीष्ट नहीं है।

कथन II अध्ययन के क्षेत्र के निकट पुस्तक निधान तथा क्रीड़ा मेज के निकट क्रीड़ा उपकरणों को रखना अभीष्ट नहीं है।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(1) कथन I और II दोनों सही हैं।

(2) कथन I और II दोनों गलत हैं।

(3) कथन I सही है, परन्तु कथन II गलत है।

(4) कथन I गलत है, परन्तु कथन II सही है।

34. नीचे दो कथन दिए गए हैं।

कथन I सम्प्रेषण का भौतिक सन्दर्भ ठोस होना चाहिए।

कथन II सन्देश के कालिक सन्दर्भ में घटनाओं के अनुक्रम का उल्लेख होता है।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(1) कथन I और II दोनों सही हैं।

(2) कथन I और II दोनों गलत हैं।

(3) कथन I सही है, परन्तु कथन II गलत है।

(4) कथन I गलत है, परन्तु कथन II सही है।

35. बैक्टीरिया कल्चर की संख्या हर 2 मिनट में दोगुनी हो जाती है। बैक्टीरिया कल्चर की संख्या को 1 से 1024 हो जाने में कितने मिनट का समय लगेगा?

(1) 10

(2) 14

(3) 18

(4) 20

36. नीचे दो कथन दिए गए हैं। एक अभिकथन (Assertion, A) के रूप में लिखित है, तो दूसरा उसके कारण (Reason, R) के रूप में।

कथन I किसी भिन्न को न्यूनतम रूप में न्यूनीकृत किया जा सकता है यदि अंश तथा हर को किसी समापवर्तक से भाग दे दिया जाए।

कथन II यदि दो भिन्न के हर बराबर हों, तो उनके अंशों की तुलना के द्वारा उन दोनों भिन्नों की तुलना की जा सकती है।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(1) कथन I और II दोनों सही हैं।

(2) कथन I और II दोनों गलत हैं।

(3) कथन 1 सही है, परन्तु कथन II गलत है।

(4) कथन 1 गलत है, परन्तु कथन II सही है।

37. मूल्यांकन की उन प्रदर्शन की पहचान कीजिए, जिनमें अपेक्षित है

A. प्रथमप्रसवा (प्राइमिंग)

B. विभाग (पोर्टफोलियो)

C. चिन्तन-युग्म-योगदान (थिंक-पेअर-शेयर)

D. प्रदर्शनी (एक्जिबिशन्स)

E. प्रतीकात्मक प्रबलन (टोकन रिइनफोर्समेण्ट)

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(1) B और D

(2) A और C

(3) C और D

(4) D और E

38. अनुक्रम में स्वाजतिकेन्द्रिकता की सततता सम्बन्धी सम्प्रेषण दूरी के प्रकार हैं

A. उदासीनता (इनडिफरेन्स)

B. परिहार (अवॉइडेन्स)

C. अवमानना (डिसपेरेजमेण्ट)

D. समानता (इक्वेलिटी)

E. संवेदनशीलता (सेन्सिटिविटी)

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(1) B, C, E, D, A

(2) D, E, A, B, C

(3) C, D, E, A, B

(4) A, B, C, E, D

39. निम्नलिखित में से कौन द्विअर्थकता का तर्कदोष (फैलेसे ऑफ एम्बिग्यूटि) नहीं है?

(1) संदिग्धार्थता (इक्विोकेशन)

(2) एम्फिबॉलि

(3) उच्चार-दबाव

(4) संयोग (एक्सीडेण्ट)

40. निम्नलिखित में से किस फाइल फॉर्मेट में वेब डिस्ट्रीब्यूशन के लिए उपयुक्त एकानिक रूप से साउण्ड फाइल फॉर्मेट होती है?

A. डब्ल्यू. एम. वी. (WMV)

B. डब्ल्यू. ए. वी. (WAV)

C. ए. वी. आई. (AVI)

D. एम. ओ. वी. (MOV)

E. एम. पी. 3 (MP3)

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(1) B और C

(2) B और E

(3) A और D

(4) A और E

41. सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए।

| सूची I (कौशल के प्रकार) | सूची II (विशेषताएँ) |
|---|---|
| A. सार्वजनिक वक़्तृता | I. जानकारी प्राप्त करना |
| B. नेतृत्व | II. आत्मविश्वास |
| C. आत्म प्रस्तुति | III. समस्या समाधान |
| D. समालाप (इंटरव्यूइंग) | IV. एक विश्वसनीय व्यक्ति का निरूपण करना |

कूट

A B C D

(1) I II III IV

(2) III IV I II

(3) IV I II III

(4) II III IV I

42. शिक्षार्थियों में सम्प्रेषण कौशल के विकास में शामिल हैं

A. सूचना का ऊर्ध्वाधर प्रवाह

B. विचारों की प्रतिबन्धित अभिव्यक्ति

C. तार्किक वाद-विवाद

D. शंकाओं को साझा करना

E. मानव मनोविज्ञान की समझ

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(1) A, B और C

(2) B, C और D

(3) C, D और E

(4) A, D और E

43. नीचे दो कथन दिए गए हैं।

कथन I खतरनाक कचरे के कारण उत्पन्न चिरकालिक विषाक्तता को निर्धारित करना कठिन नहीं है।

कथन II चिरकालिक प्रभावों को उद्‌मासन के तुरन्त बाद देखा जा सकता है।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

(1) कथन I और II दोनों सहीं हैं।

(2) कथन I और II दोनों गलत हैं।

(3) कथन I सही है, परन्तु कथन II गलत है।

(4) कथन I गलत है, परन्तु कथन II सही है।

44. निम्नलिखित में से कौन आधारभूत साक्षरता तथा सांख्यक्षमता सम्बन्धी उच्च गुणवत्ता संसाधनों का राष्ट्रीय भण्डार है?

(1) डिजिटल ज्ञान साझा अवसंरचना (दीक्षा)

(2) राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय संस्थान (एन. आई. ओ. एस.)

(3) राष्ट्रीय मुक्त शैक्षिक संसाधन भण्डार (एन. आर. ओ. ई. आर.)

(4) राष्ट्रीय वृत्तिक शिक्षक मानदण्ड (एन. पी. एस. टी.)

45. एक मोबाइल का दाम पहले 20% बढ़ाया जाता है और फिर 25% घटाया जाता है। मोबाइल के अन्तिम दाम में कुल प्रतिशत परिवर्तन क्या है?

(1) 10%

(2) 18%

(3) 20%

(4) 12%

46. जनता तक सामाजिक अवसरों को कौन पहुँचा सकता है?

(1) सरकार के निर्देश

(2) अर्थशास्त्र सम्बन्धित साहित्य

(3) सर्वजन के कर्म

(4) सामाजिक परिवर्तन की सफलता

47. सेवाओं की प्रभावी गुणवत्ता किस पर निर्भर करती है?

(1) कार्यान्वयन हेतु सख्त नियम

(2) स्थानीय समुदाय को शामिल किया जाना

(3) शिकायतों का निवारण

(4) मजबूत सरकारी सतर्कता

48. सरकार के सकारात्मक कार्यों को किसके द्वारा सहायता मिल सकती है?

(1) नीतिगत निर्णयों पर जनता का प्रभाव

(2) शिक्षा तथा सामाजिक सुरक्षा पर ध्यान केन्द्रित करना

(3) केन्द्रीयकृत शक्ति संरचना

(4) अधोगामी, एक मार्गी सामान्य निर्देश

49. सार्वजनिक सेवाओं की पर्याप्त निगरानी किसके द्वारा सम्भव है?

(1) आवश्यक सेवाओं के विस्तार से

(2) सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार से

(3) सामाजिक समावेशता में वृद्धि से

(4) प्रभावी लोक सक्रियतावाद से

50. गद्यांश सार्वजनिक आवश्यकताओं के प्रति सेवाओं को संवेदनशील बनाने के लिए किसकी हिमायत करता है?

(1) लाभार्थियों द्वारा दबाव

(2) जानकारी एकत्र करना

(3) सरकार की निगरानी

(4) सार्वजनिक कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर नियन्त्रण

## संभावित उत्तर

| Que. | Ans. | Que. | Ans. | Que. | Ans. | Que. | Ans. | Que. | Ans. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 11 | 3 | 21 | 4 | 31 | 3 | 41 | 4 |
| 2 | 4 | 12 | 1 | 22 | 2 | 32 | 4 | 42 | 3 |
| 3 | 1 | 13 | 4 | 23 | --- | 33 | 3 | 43 | 2 |
| 4 | 3 | 14 | 4 | 24 | 2 | 34 | 1 | 44 | 1 |
| 5 | 2 | 15 | 2 | 25 | 3 | 35 | 4 | 45 | 1 |
| 6 | 3 | 16 | 4 | 26 | 4 | 36 | 1 | 46 | 3 |
| 7 | 1 | 17 | 2 | 27 | 4 | 37 | 1 | 47 | 2 |
| 8 | 2 | 18 | 2 | 28 | 4 | 38 | 2 | 48 | 1 |
| 9 | 1 | 19 | 3 | 29 | 2 | 39 | 4 | 49 | 4 |
| 10 | 1 | 20 | 1 | 30 | 3 | 40 | 2 | 50 | 1 |